स्पीड पोस्ट / महत्वपूर्ण

संख्या: / 15 / ई0–1 / डी0पी0सी0 / 2016–17

प्रेषक,

सचिव,
उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,
हरिद्वार।

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
उत्तराखण्ड शासन,
कृषि एवं विपणन विभाग (अनुभाग–1),
देहरादून।

हरिद्वार : दिनांक अगस्त, 2016

विषयः–उत्तराखण्ड कृषि सेवा श्रेणी–2, (अभियन्त्रण शाखा) के रिक्त पदों पर पदोन्नति द्वारा चयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया शासन के पत्र संख्या: 1044 / XIII–1 / 2015–3(15)2005, दिनांक 08 जुलाई, 2016 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उत्तराखण्ड कृषि विभाग के अन्तर्गत अधीनस्थ कृषि सेवा वर्ग–1 (अभियन्त्रण शाखा) से कृषि सेवा श्रेणी–2 (अभियन्त्रण शाखा) के रिक्त पदों पर पदोन्नति द्वारा चयन हेतु अधियाचन प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में **चयन समिति की बैठक दि0 26.08.2016 को पूर्वाह्न 11.00 बजे, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।** यह अवगत कराना है कि प्रश्नगत प्रस्ताव के सम्बन्ध में विचार करने हेतु चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए निम्न सूचना / अभिलेख अपेक्षित है :–

(1) शासन से प्राप्त अभिलेखों में प्रकरण से सम्बन्धित उत्तर प्रदेश कृषि समूह "ख" सेवा नियमावली–1995 (प्रथम संशोधन 2000), की प्रति प्राप्त नहीं हुई है। तद्क्रम में उक्त नियमावली अपेक्षित हैं।

(2) शासन के पत्र के साथ संलग्न विभाग के पत्र में उल्लेख है कि पदोन्नति के रिक्त 07 पदों में से चयन वर्ष 2001–02 के लिए श्री बालकृष्ण मिश्र एवं श्री बी0के0 रावत के सम्बन्ध में बन्द लिफाफे के अन्तर्गत 02 पद आरक्षित हैं तथा चयन वर्ष 2015–16 के सापेक्ष 05 ही रिक्तियॉं हैं। शासन से उक्त बन्द लिफाफे को खोले जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव अपेक्षित है।

यह भी अवगत कराना है कि चयन समिति के लिए उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग सपरामर्श चयनोन्नति (प्रक्रिया) नियमावली–2003 के नियम–11 के अनुसार शासन प्रतिनिधि, जो कि अपर सचिव पद से कम स्तर के न हों तथा विभाग के प्रतिनिधि के रूप में विभागाध्यक्ष को नामित किया जाना आवश्यक है।

यह उल्लेख करना है कि पात्र कार्मिकों के सेवा अभिलेख, यथा वार्षिक चरित्र प्रविष्टियॉं इत्यादि मूलरूप में अभिलेखों से मिलान करने के लिए विभाग के विज्ञ अधिकारी के साथ दिनॉंक 22.08.2016 को उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है तथा चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए भी उक्त मूल अभिलेखों की आवश्यकता होगी।

अतः अनुरोध है कि कृपया चयन समिति की बैठक **दिनॉंक 26 अगस्त, 2016 को पूर्वाह्न 11.00 बजे** में नामित सदस्यों को प्रतिभाग करने की सूचना प्रदान करते हुए, नामित सदस्यों के नाम, पदनाम व दूरभाष की सूचना अधोहस्ताक्षरी को भी ***फैक्स संख्या (01334–244282)*** पर प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(एस0एन0 पाण्डे),
सचिव।

संख्याः 157 / 15 / ई0–1 / डी०पी०सी० / 2016–17 तद्दिनॉंक।

प्रतिलिपिः– निदेशक, कृषि विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

(एस0एन0 पाण्डे),
सचिव।

05.08.2016